# फ्रैंकफर्ट मेले में ग्राहकों को लुभा रहे मुरादाबादी उत्पाद

## निर्यातकों के खिले चेहरे, अधिक आर्डर मिलने की उम्मीद, बोले, फ्रैंकफर्ट मेले का पहला और दूसरा दिन रहा काफी अच्छा

**जागरण संवाददाता, मुरादाबाद :** जर्मनी में चल रहे फ्रैंकफर्ट मेले में मुरादाबाद के निर्यातक भी अपने उत्पाद के सैंपल लेकर पहुंचे हैं। मेले का पहला दिन मुरादाबाद के निर्यातकों के लिए काफी अच्छा रहा। विदेशी ग्राहकों ने यहां के उत्पादों की खूब जानकारी ली। जिसके चलते निर्यातक मेले के आखिरी दिन तक बड़े आर्डर मिलने की उम्मीद जता रहे हैं।

मुरादाबाद हैंडीक्राफ्ट्स एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन के महासचिव अवधेश अग्रवाल ने बताया कि फ्रैंकफर्ट मेले में मुरादाबाद के करीब 150 निर्यातक पहुंचे हैं। यह निर्यातकों के अंतरराष्ट्रीय स्तर का मेला है। हर साल की तरह इस बार भी निर्यातक अपने साथ उत्पादों के सैंपल ले गए। जिन्हें देखने के लिए ग्राहक मेले में लगे स्टाल पर पहुंचे। मुरादाबाद के लिविंग, डाइनिंग, सजावटी सामान, क्रिसमस सजावट, लकड़ी के हस्तशिल्प आइटम, कैंडल होल्डर, टेबल टाप सहित एल्यूमीनियम, पीतल, कांच, लोहा से बने उत्पाद शामिल हैं। ग्राहक अपनी पसंद के हिसाब से उत्पादों के बारे में निर्यातकों से जानकारी कर रहे हैं। निर्यातकों ने पुराने और नए दोनों तरह के ग्राहकों के स्टाल पहुंचने पर खुशी जाहिर की। निर्यातकों का कहना है कि मुरादाबाद के उत्पाद ग्राहकों को अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं। फ्रैंकफर्ट मेला 11 फरवरी तक चलेगा। इसलिए शुरूआत में ग्राहक उत्पादों की जानकारी कर रहे हैं। इसके बाद रुपये सहित अन्य बात होने पर आर्डर देंगे। फ्रैंकफर्ट मेले में गए निर्यातकों की मानें तो ग्राहकों की उत्सुकता देखकर लगा रहा है कि मुरादाबाद के निर्यातकों को काफी बड़े आर्डर मिलेंगे। जिससे निर्यातकों के चेहरे भी खिले रहे।

- ग्राहकों को भा रहे एल्यूमीनियम, पीतल, कांच, लकड़ी से बने उत्पाद

**150** निर्यातक मुरादाबाद से फ्रैंकफर्ट मेले में शामिल होने के लिए गए जर्मनी



जर्मनी के फ्रैंकफर्ट मेले में मुरादाबाद के निर्यातकों की ओर से लगाए स्टाल • सौ.स्वयं

> मेले में काफी संख्या में ग्राहक स्टाल पर पहुंचे। आने वाले दिनों में मेले का रिजल्ट अच्छा रहेगा। ग्राहक अपनी पसंद के हिसाब से उत्पादों की जानकारी कर रहे हैं। पहले दिन काफी संख्या में ग्राहक उत्पादों की जानकारी लेने पहुंचे।
>
> **-रोहित ढल**, निर्यातक

> मेले में पहले दिन स्टाल पर 20 ग्राहक पहुंचे। ग्राहकों से अच्छा रिस्पांस मिल रहा है। पिछले साल अच्छा कारोबार हुआ था। एल्यूमीनियम, लोहा, शीशा, लकड़ी से बने उत्पाद के सैंपल लेकर आए हैं।
>
> **सतपाल पाली**, निर्यातक



> फ्रैंकफर्ट मेले में पहले दिन स्टाल पर 20 ग्राहक आए। जिनमें आधे नए और आधे पुराने थे। सभी ग्राहकों ने उत्पादों की बारीकी से जानकारी ली। मेटल वुड एंड ग्लास, एल्यूमीनियम, आयरन वुड की अधिक मांग है।
>
> **अब्दुल अजीम**, निर्यातक



> जर्मनी में लगे मेले में उत्पादों की ग्राहक खूब जानकारी ले रहे हैं। कैंडल होल्डर, क्रिसमस आइटम, टेबल टाप से संबंधित उत्पाद के सैंपल लेकर आए हैं। मेले के पहले 11 ग्राहक उनके स्टाल पर पहुंचे।
>
> **अंकित पुगला**, निर्यातक



## ईपीसीएच इंडिया पैवेलियन का हुआ उद्घाटन

**जागरण संवाददाता, मुरादाबाद :** जर्मनी के एम्बीएंटे फेयर, 2025 में इंडिया पैवेलियन का शुक्रवार को उद्घाटन हुआ। जिसमें निर्यातक अपने उत्पादों के साथ शामिल हुए हैं। कार्यक्रम में मुरादाबाद सहित अलग-अलग जगहों उत्पादों की विविधता दिखाई दी।

कार्यक्रम में ईपीसीएच के अध्यक्ष दिलीप बैद ने कहा कि एम्बीएंटे जर्मनी में आयोजित महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय मेला है। यहां बड़ी संख्या में अंतरराष्ट्रीय खरीदार अपनी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए आते हैं। मेले में लिविंग, डाइनिंग, गिविंग सेक्शन में उत्तम उपहार, सजावटी सामान, क्रिसमस सजावट, फैशन आभूषण, लकड़ी के हस्तशिल्प आइटम, कपड़ा साज-सज्जा, चमड़े के उत्पाद, लैंप और प्रकाश व्यवस्था, चीनी मिट्टी की चीजें, धूप, बैग और बाथरूम एसेसरीज उत्पाद सजे हुए हैं। ईपीसीएच के कार्यकारी निदेशक आरके वर्मा ने बताया कि इसमें भारत की भागीदारी मेले की जीवंतता और विविधता को बढ़ाएगी। वैश्विक निर्माताओं, खुदरा विक्रेताओं और ब्रांडों को भारतीय गृह सज्जा, उपहार और उपभोक्ता उत्पाद उद्योग में मजबूती मिलेगी। जर्मनी में इंडिया पैवेलियन का उद्घाटन भारत के महावाणिज्य दूतावास बीएस मुबारक ने किया। इस मौके पर प्रिंस मलिक, राजेश के जैन, अरशद मीर, कमल सोनी, एंबीएंटे निदेशक थामस कस्टल, ट्रेड फेयर के कार्यकारी निदेशक विंस्टन परेरा आदि मौजूद रहे।



फ्रैंकफर्ट मेले में ईपीसीएच इंडिया पैवेलियन का उद्घाटन करते अतिथि • सौ.स्वयं